अमर उजाला 04/12/2024

प्रत्येक विद्यार्थी गीता से हो परिचित : डॉ. रोहित

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में मंगलवार को ज्ञानानंद के उपदेशों का अनुसरण करते हुए संस्कृत विभाग और हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गीता का गान पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों से गीता के श्लोकोच्चारण करवाए गए।डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि आज के आधुनिक युग में प्रत्येक घर में गीता का होना परम आवश्यक है। साथ ही साथ प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में गीता का उच्चारण करते रहना चाहिए और उसका अनुसरण करते रहना चाहिए, 700 श्लोक से परिपूर्ण गीता एक ऐसा ग्रंथ है जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन के हर मार्ग को अपना सकता है, जैसे ज्ञान मार्ग, कर्म मार्ग, भक्ति मार्ग, संख्या मार्ग इत्यादि। संवाद